बिहार लोक सेवा आयोग, पटना

प्रेस विज्ञप्ति

विज्ञापन संख्या–02/2017, सहायक अभियंता (असैनिक) के 1284 पदों पर नियुक्ति हेतु प्रारम्भिक परीक्षा सितम्बर 2018 को आयोजित किया गया। प्रारम्भिक परीक्षा में सफल उम्मीदवारों का मुख्य (लिखित) परीक्षा मार्च 2019 में सम्पन्न हुआ। प्रारम्भिक परीक्षा में असफल कतिपय उम्मीदवारों द्वारा कुछ प्रश्नों के उत्तर पर आपत्ति दर्ज करते हुए माननीय उच्च न्यायालय, पटना में वाद दायर किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा पारित न्यायादेश के विरूद्ध आयोग द्वारा एल०पी०ए० दायर किया गया। आयोग के स्तर से उक्त वाद के शीघ्र निस्तारण हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आयोग के द्वारा पुनः महाधिवक्ता बिहार को इस वाद की शीघ्र सुनवाई कराने हेतु माननीय उच्च न्यायालय से अनुरोध करने हेतु अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है। माननीय उच्च न्यायालय के निर्णय के आलोक में आयोग इस मामले में शीघ्र अग्रतर कार्रवाई करेगा।

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना।